कदाचार साबित करना लेबर कोर्ट का काम, सज़ा तय करना अनुशासनात्मक प्राधिकारी का कार्य

सर्वोच्च न्यायालय का महत्वपूर्ण निर्णय

सुप्रीम कोर्ट ने सेवा कानून में अनुशासनात्मक कार्यवाही को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन. कोटिस्वर सिंह की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि 'कदाचार साबित हुआ या नहीं, यह लेबर कोर्ट तय करेगा। लेकिन कदाचार साबित होने के बाद कौन-सी सज़ा दी जाए, यह तय करने का अधिकार सक्षम अनुशासनात्मक प्राधिकारी का है।' यह फैसला महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड की कर्मचारी सुरेखा डोमाजी बेले के मामले में आया है।

जी. के. छिब्बर

मामले की पृष्ठभूमि : याचिकाकर्ता सुरेखा डोमाजी बेले महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी में अपर डिवीजन क्लर्क थीं और उन्होंने 20 वर्ष से अधिक सेवा दी थी। सितंबर 2006 में अनुशासनहीनता, अवज्ञा और दस्तावेजों में हेरफेर के आरोपों पर उन्हें निलंबित कर दिया गया। विभागीय जांच एकतरफा हुई और अप्रैल 2008 में उन्हें बर्खास्तगी का कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। लेबर कोर्ट ने इस आंतरिक जांच को अनुचित और विकृत घोषित कर दिया। औद्योगिक न्यायालय ने 2015 में मामले को रिमांड कर प्रबंधन को लेबर कोर्ट के समक्ष नए सिरे से साक्ष्य प्रस्तुत कर कदाचार साबित करने की अनुमति दी।

प्रकरण में पुनः सुनवाई के बाद जून 2017 में लेबर कोर्ट ने कदाचार साबित माना। इसके तुरंत बाद जुलाई 2017 में अनुशासनात्मक प्राधिकारी ने 2008 के पुराने, जवाब-रहित कारण बताओ नोटिस का हवाला देते हुए बर्खास्तगी का आदेश जारी कर दिया और 11 वर्ष की निलंबन अवधि को भी अलग सज़ा माना। लेबर कोर्ट, औद्योगिक न्यायालय और बॉम्बे हाईकोर्ट ने बर्खास्तगी को बरकरार रखा।

सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?

1. कदाचार साबित करने का चरण अलग है: पीठ ने 'वर्कमेन ऑफ फायरस्टोन टायर एंड रबर कंपनी' के सिद्धांत का हवाला देते हुए कहा कि यदि घरेलू जांच दोषपूर्ण है, तो नियोक्ता लेबर कोर्ट के समक्ष नए सिरे से साक्ष्य प्रस्तुत कर आरोप साबित कर सकता है। लेकिन यह सिद्धांत केवल कदाचार साबित करने के चरण तक सीमित है।

2. सज़ा तय करने के लिए नए सिरे से विचार आवश्यक: कोर्ट ने कहा कि लेबर कोर्ट द्वारा कदाचार साबित होने के बाद अनुशासनात्मक प्राधिकारी की यह वैधानिक जिम्मेदारी समाप्त नहीं होती कि वह अंतिम सज़ा पर स्वतंत्र रूप से विचार करे। वह पहले की रद्द हो चुकी जांच पर आधारित पुराने कारण बताओ नोटिस पर यांत्रिक रूप से कार्रवाई नहीं कर सकता।

3. शमनकारी कारकों पर विचार करना अनिवार्य: सज़ा की मात्रा तय करते समय प्राधिकारी को कर्मचारी की सेवा अवधि, पिछला रिकॉर्ड, वित्तीय हानि या बेईमानी की अनुपस्थिति, आयु तथा क्या कम सज़ा से न्याय हो सकता है, इन सभी पहलुओं पर सचेत रूप से विचार करना होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि बेले के मामले में भ्रष्टाचार, नैतिक अधमता या आर्थिक नुकसान का आरोप नहीं था, फिर भी 21 वर्ष की बेदाग सेवा और 11 वर्ष के लंबे निलंबन पर विचार नहीं किया गया।

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला रद्द कर दिया। निलंबन अवधि को अलग सज़ा मानने का निर्देश निष्प्रभावी होगा। महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी को मार्च 2007 से जुलाई 2017 तक की अवधि के लिए अपीलकर्ता को निर्वाह भत्ता देने का आदेश दिया गया। चूंकि बेले सेवानिवृत्ति की आयु पार कर चुकी हैं, इसलिए कोर्ट ने महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी को तीन माह के भीतर सज़ा पर नया आदेश पारित करने का निर्देश दिया, जिसमें उनकी सेवा और रिकॉर्ड को ध्यान में रखते हुए सेवानिवृत्ति लाभ निर्धारित किए जाएं।

यह फैसला स्पष्ट करता है कि विभागीय जांच रद्द होने के बाद लेबर कोर्ट के निष्कर्ष ही नए सिरे से सज़ा तय करने का आधार बनेंगे। केवल न्यायिक पुष्टि को बर्खास्तगी का स्वचालित आदेश नहीं माना जा सकता। अनुशासनात्मक प्राधिकारी को प्रत्येक मामले में विवेकपूर्ण ढंग से कर्मचारी के संपूर्ण सेवा-रिकॉर्ड और परिस्थितियों का मूल्यांकन कर ही दंड निर्धारित करना होगा।

पेनियरबाय से जुड़कर रिटेलर्स बढ़ा रहे आय

नप्र, भोपालः शाखारहित बैंकिंग और डिजिटल सेवा नेटवर्क पेनियरबाय स्थानीय रिटेलर्स को अपनी दुकानों से बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाएं प्रदान कर अतिरिक्त कमाई का अवसर दे रहा है।

इसके माध्यम से किराना, मोबाइल और जनरल स्टोर संचालक ग्राहकों को कैश निकासी, मनी ट्रांसफर, बिजली-पानी बिल भुगतान, मोबाइल रिचार्ज, पैन कार्ड, बीमा और ऋण जैसी सुविधाएं उपलब्ध करा सकते हैं।

इससे ग्राहकों को एक ही स्थान पर कई सेवाएं मिल रही हैं, जबकि दुकानदारों की आय में भी बढ़ोतरी हो रही है। भोपाल के किराना व्यापारी अजय वर्मा ने बताया कि पेनियरबाय से जुड़ने के बाद उनकी दुकान पर ग्राहकों की संख्या बढ़ी है और आमदनी में भी सकारात्मक वृद्धि हुई है।

रेल सुरक्षा बल भोपाल मंडल की उल्लेखनीय उपलब्धियाँ

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः रेल यात्रियों की सुरक्षा, रेलवे संपत्ति की रक्षा तथा अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ), भोपाल मंडल द्वारा 8 जून से 14 जून 2026 के दौरान चलाए गए विशेष अभियानों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई। डीआरएम श्री पंकज त्यागी के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ. अभिषेक के निर्देशन में संचालित इन अभियानों के तहत अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर रेलवे एवं यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई। मिशन संरक्षा अभियान के अंतर्गत आरपीएफ सीआईबी भोपाल द्वारा 8 जून को भोपाल स्टेशन पर गाड़ी संख्या 22161 भोपाल-दमोह राज्यरानी एक्सप्रेस में जांच के दौरान एक व्यक्ति के पास से पांच कार्टून में रखे 22 पैकेट ज्वलनशील पटाखे बरामद किए गए। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 33,420 रुपये आंकी गई है। मामले में रेल अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत 10 जून को आरपीएफ सीआईबी भोपाल एवं जीआरपी इटारसी की संयुक्त टीम ने यात्री सामान चोरी के मामले का सफल खुलासा किया।

कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लगभग 60 हजार रुपये मूल्य का चोरी गया मोबाइल फोन बरामद किया गया।

बरामद मोबाइल शिकायतकर्ता को सुपुर्द कर दिया गया।

वहीं ऑपरेशन नारकोस के अंतर्गत 11 जून को आरपीएफ इटारसी एवं थाना पथरोटा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में ट्रेन संख्या 12409 गोंडवाना एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे एक महिला सहित तीन व्यक्तियों को अवैध गांजे के साथ पकड़ा गया।

आरोपियों के कब्जे से 20 किलो 575 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 4.60 लाख रुपये है।

आरोपियों एवं जब्त मादक पदार्थ को आगे की कानूनी कार्रवाई हेतु पथरोटा पुलिस को सौंप दिया गया।

सीनियर डीसीएम श्री सौरभ कटारिया ने बताया कि आरपीएफ भोपाल मंडल यात्रियों की सुरक्षा, रेलवे संपत्ति की रक्षा तथा अपराध एवं तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए निरंतर विशेष अभियान चला रहा है।

आधुनिक तकनीक, सतर्क निगरानी एवं विभिन्न एजेंसियों के समन्वय से सुरक्षित और भरोसेमंद रेल यात्रा सुनिश्चित की जा रही है।

न्यायालय तहसीलदार नजूल वृत्त गोविन्दपुरा भोपाल
प्रकरण कमांक 1487/अ-3/26-27

इश्तहार

आवेदक श्री यशवंत कुमार सक्सेना आ. स्व. श्री बृज गोपाल सक्सेना निवासी ए 50, जे.के. रोड, न्यू मिनाल रेसेडेन्सी भोपाल के द्वारा ग्राम दामखेड़ा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 201/1 के अंशभाग रकबा 1536 वर्ग फीट का नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतएवं एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस आम सूचना के जारी होने के 07 दिवस तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि बीत जाने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

प्रवाचक
गोविन्दपुरा वृत्त भोपाल

623

श्रीमती नीलू संजीव श्रृंगीऋषि पंचम जिला न्यायाधीश, भोपाल, म.प्र.
(आदेश 5 का नियम 20)

जावक क्र. 617 दिनांक 13.06.2026

कुमारी करुणा द्विवेदी अन्य.... **आवेदकगण**

विरुद्ध सर्वसाधारण..... **अनावेदक**

प्रेषिति- आवेदिका कुमारी करुणा द्विवेदी, पिता स्व. श्री विपिन द्विवेदी, द्वारा नैसर्गिक संरक्षक माता श्रीमती वंदना द्विवेदी, पता-आर.बी.आई. 4/ए, निशातपुरा रेल्वे कॉलोनी, भोपाल, म.प्र. ने सर्वसाधारण अनावेदक के विरुद्ध प्रकरण क्रमांक एम.जे.सी. जी.डब्ल्यू. 8/2026 संस्थित किया है। अनावेदक इस न्यायालय में तारीख 21.07.2026 को दिन में आवेदन का उत्तर देने के लिए उपसंजात/ हाजिर होने के लिए समन किया जाता है। अनावेदक न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित हो और यदि आप किसी अन्य दस्तावेजों पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हों या न हो, अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। अनावेदक को सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थता से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज ता. 13.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया। **नोट**- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

श्रीमती नीलू संजीव श्रृंगीऋषि पंचम जिला न्यायाधीश, भोपाल, म.प्र.

624

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल भोपाल में विभिन्न पद/कार्य हेतु अस्थाई कुशल/अकुशल कर्मचारी की नियुक्ति (सिर्फ अस्थाई)

विज्ञप्ति

इस ग्रुप केन्द्र कैम्प परिसर के आवासीय व गैर आवासीय भवनों के दिन-प्रतिदिन के रखरखाव का निष्पादन करने हेतु कुल-12 श्रमिक एवं कचरा संग्रह हेतु एक वाहन (ट्रैक्टर के साथ ट्रॉली एवं ड्राइवर तथा हेल्पर सहित) कुशल/अकुशल श्रमिक की नियुक्ति अस्थाई तौर पर किया जाना है। भर्ती होने वाले अस्थाई कुशल/अकुशल श्रमिक को अधिकतम 89 दिनों के लिए भर्ती किया जायेगा तथा उनका दैनिक वेतन श्रमायुक्त कार्यालय, मध्यप्रदेश शासन, इन्दौर के पत्र क्रमांकः 6/11/अन्वे/पाँच/2024/6445-6650, इन्दौर, दिनांक 31/03/2026 में निहित आदेश के अनुसूची-क में ट्रेड के आधार पर दैनिक वेतन निर्धारित किया गया है के अनुसार भुगतान किया जायेगा जो कि मासिक तौर पर देय होगा। रिक्त/भर्ती किये जाने वाले पदों का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.सं.	कार्य/पद का नाम	रिक्तियां
01	सफाई कर्मचारी (अकुशल)	10
02	एक कचरा संग्रह हेतु वाहन (ट्रैक्टर साथ में ट्रॉली एवं ड्राईवर तथा हेल्पर सहित)	01
03	हिरामन गैस एजेंसी से गैस सिलेण्डर आवासीय भवनों में पहुंचाने हेतु (अकुशल)	01
04	मदिरा सब कैन्टीन में टैली साफ्टवेयर तथा अन्य कार्यालय संबंधित कार्यों को करने हेतु सिविल लिपिक (कुशल)	01
	कुल	12 एवं 01 कचरा संग्रह वाहन

इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन उप महानिरीक्षक/संपदाधिकारी, ग्रुप केन्द्र, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, बंगरसिया, भोपाल (म.प्र.) के नाम पर लिखना होगा, जिसे ग्रुप केन्द्र के पराक्रम द्वारा नम्बर 02 से निम्न दस्तावेजों के साथ दिनांक 18/03/2026 सुबह 10:00 बजे मैन्स क्लब में रिपोर्ट करेंगे।

संलग्न किये जाने वाले आवश्यक दस्तावेजों का विवरण :

1. आवेदन पत्र। 2. आधार कार्ड की छायाप्रति। 3. कोई एक अन्य आई.डी. (पहचान पत्र)। 4. 02 नग पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ। 5) इलेक्ट्रिशियन एवं पलम्बर हेतु आई.टी.आई. व समतुल्य प्रमाणपत्र। 6. बचनबद्धता प्रमाण पत्र। 7. बैंक खाता का छायाप्रति।

उप महानिरीक्षक ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल, भोपाल

625

सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी बनी प्रदेश की पहली एआई-इनेबल्ड यूनिवर्सिटी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक समूह सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने प्रदेश की पहली एआई-इनेबल्ड यूनिवर्सिटी बनने का दावा किया है।

विश्वविद्यालय ने एग्रीकल्चर, आयुर्वेद, इंजीनियरिंग, लॉ, मैनेजमेंट, नर्सिंग, फार्मेसी और पैरामेडिकल सहित सभी प्रमुख पाठ्यक्रमों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित शिक्षण प्रणाली को शामिल किया है। एआई आधारित लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, स्मार्ट बोर्ड, लाइव प्रोजेक्ट, वार्षिक इंटर्नशिप और स्किल ओरिएंटेड सर्टिफिकेशन कोर्स के माध्यम से छात्रों को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार किया जाएगा।

यूनिवर्सिटी ने इंडस्ट्री पार्टनरशिप के तहत एआई और डेटा साइंस विशेषज्ञों के सहयोग से प्लेसमेंट उन्मुख प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की है।

चेयरमैन डॉ. हरप्रीत सलूजा ने विद्यार्थियों से आधुनिक तकनीक आधारित उच्च शिक्षा का लाभ उठाने का आह्वान किया।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अतुल कुमार खरे S/O स्व. श्री दीवान बहादुर खरे, निवासी मकान नं. 106 एसटीम टावर-1 जे.के.रोड कार्पोरेशन बैंक के पास इन्द्रपुरी सेक्टर-ए हुजुर गोविन्दपुरा भोपाल में पश्चिम मध्य रेल मण्डल भोपाल निशातपुरा में स्टेशन प्रबंधक के पद पर कार्यरत हूं मेरी रेलवे सर्विस पुस्तिक (S/R) में मेरा नाम अतुल खरे (ATUL KHARE) आत्मज श्री दिवान बहादुर खरे (D.B. KHARE) अंकित है। जो कि अूधरा व गलत है। मेरे शासकीय दस्तावेज आधारकार्ड, पेन कार्ड, बैंक पास बुक इत्यादि में मेरा पूरा व सही नाम अतुल कुमार खरे (ATUL KUMAR KHARE) स्व. श्री दीवान बहादुर खरे (DEEWAN BAHADUR KHARE) है जो सही है अब से मुझे सही नाम से ही जाना पहचाना लिखा व पढ़ा जावे।

ATUL KUMAR KHARE
S/O Late Shri DEEWAN BAHADUR KHARE

626

सूडोकु नवताल- 7813

मध्यम

		5			3			
	2			9	5			
9						6		
			9				3	5
	6						7	
4	8				1		6	2
		7						3
			2	4			9	
			8			2		

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -7812 का हल

2	7	6	4	9	5	8	1	3
5	8	1	7	2	3	9	6	4
9	3	4	8	1	6	2	5	7
6	5	9	2	4	8	3	7	1
8	4	7	9	3	1	6	2	5
1	2	3	5	6	7	4	9	8
3	6	5	1	8	2	7	4	9
7	9	2	3	5	4	1	8	6
4	1	8	6	7	9	5	3	2

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

काकुरो पहेली - 7486



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 7485 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8883



बाएँ से दाएँ

1. ओस की बूंदे (उर्दू-4)
3. आसमान, गगन-3
5. निम्न, जो स्तरीय न हो-4
8. रात्रि, निशा-2
10. सिलना, छाती
11. नशा, नाड़ी-2
13. एक समाज सुधारक जिनके दोहे काफी प्रसिद्ध हैं-2
15. इसे आंखों में लगाते हैं-3
16. प्रभाव-3
17. समीप, पास, नजदीक-3
19. भगवान, खुदा-2
20. जानवर इसे खाते हैं-2
21. होंठ, अधर-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. प्रकार-3
26. बेबस, लाचार-4

ऊपर से नीचे

1. चिंगारी, अंगारा-3
2. मस्ती में चूर-2
3. इज्जत, साख-2
4. तलवार (उर्दू-4)
6. रसदार, रस से भरा-3
7. मेहंदी, ऋषि कपूर की फिल्म-2
9. सब्जी, भाजी-4
13. कमी-3
14. अकबर के एक हिंदू सलाहकार-4
17. अचरज भरा कार्य-4
18. वायुसेना के एक विमान का नाम-3
20. चाहत, प्रेम-2
22. ऋतुराज, मौज-मस्ती-3
23. रास्ता, डगर-2
24. एक पेड़ जिसकी टहनी से दातुन करते हैं-3

शब्द पहेली -8882 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7325



ऊपर से नीचेः-

१. 'लगे रहो मुन्ना भाई' में संजयदत्त के साथ नायिका कौन है-२,३
२. सैफ अली खान, काजोल की फिल्म-३
३. 'देखो देखो जानम' गीत वाली फिल्म-२
४. दिलीपकुमार, संजयदत्त, पद्मिनी की 'हाथों की चंद' गीत वाली फिल्म-३
५. अजय देवगन, आयशाटकिया की फिल्म-३
८. 'मेहंदी लाया साजन' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'इश्क पे मत इल्जाम लगाना' गीत वाली ऋषिकपूर, फरहा की फिल्म-३
१४. अजय देवगन अभिषेक, बिपाशा की 'तेरे संग एक' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'विक्टोरिया नं. २०३' में प्राण का नाम-२
१६. देवानंद, मधुबाला की 'सावन के महीने में एक' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'रेशम जैसा रंग देखो' गीत वाली गोविंदा, सोनम की फिल्म-२
१८. राजेंद्रकुमार, कामिनी की फिल्म-३
२१. 'डाकिया रोज गली पर' गीत वाली मिथुन, स्वाति, मानवी की फिल्म-२
२२. बॉबी, करिश्मा की 'तुम क्या जानो दिल करता' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'घातक' में सनी का नाम क्या था-२
२४. अजय देवगन, जूही चावला की 'तुझे प्यार करते करते' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'हम तो दिल से' गीत वाली फिल्म-२
२६. विनोद खन्ना, डिम्पल की फिल्म-३
२९. 'धीमी धीमी सी' गीत वाली फिल्म-२
३२. 'ओ डार्लिंग ये है इंडिया' में 'मिस इंडिया' कौन बनी है-२

बायें से दायेंः-

१. शाहिद कपूर, अमृता राव की फिल्म-३
३. शाहिद कपूर और अमृता राव की जोड़ी वाली पहली फिल्म कौन सी थी-२,२
६. सनी, प्रीति की 'तुझे देखा तो दिल मेरा डोल गया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'वो लड़की जो सबसे अलग है' गीत वाली फिल्म-४
९. शत्रुघ्न सिन्हा, शर्मिला की फिल्म-३
११. 'तू प्यार का सागर है तेरी' गीत वाली बलराज, नूतन की फिल्म-२
१२. अजय, जॉन, लारा, ईशा की फिल्म-२
१३. 'इससे पहले कि याद' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म-४
१६. भारतभूषण, नूतन की फिल्म-३
१९. फिल्म 'ईना मीना डीका' में जूही का नाम क्या है-२
२०. मिथुन, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की 'तेरे बिन मैं कुछ' गीतवाली फिल्म-३
२१. 'बाबुल का ये घर बहना' गीत वाली फिल्म-२
२२. दिलीपकुमार, निम्मी की 'खेलो रंग हमारे संग' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'ऐ बादल झूम के चल' गीत वाली नवीन निश्चल, आशा की फिल्म-३
२५. सनी, अनिल कपूर, श्रीदेवी, मीनाक्षी की फिल्म-३
२७. 'मैं नाचूँ बिन पायल' गीत वाली ऋतिक, करिश्मा, नेहा की फिल्म-२
२८. विनोद मेहरा, रीना राय की 'दो परदेसी अनजाने' गीतवाली फिल्म-३
३०. 'अंखियां ये अंखियां' गीत वाली दिलीप कुमार, रेखा की फिल्म-२
३१. दिलीपकुमार, मीना की फिल्म-३
३३. अमिताभ-जीनत अमान की हिट फिल्म की शहरूख, प्रियंका स्टारर रीमेक-२
३४. 'ये दौलत भी लेलो' गीतवाली कुमार गौरव, अनामिका की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 7324

उ	म	रा	व	जा	न		आ	गा	ज
मं		हु		न		र	ति		मा
ग	ज	ल		शी	बा		श्व	बा	ना
	मी		अ	न	जा	ना		रू	
स	र	ग	म		र		स	द	मा
हे		द	ला	ल		सु	र		ई
ली	ड	र		ज्ञा		ख		खे	ल
	कै		का		सो		आ		व
रा	त	औ	र	दि	न		रे		
खी			वॉ		म	न	प	सं	द

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग- 7419

4		1	6		5	
	27	7	32		34	2
	3	2		5	7	
	37	6	33		29	3
	5			1		4
3	33	5	31	7	34	
1		4		2		6

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7418 का हल

1	3	2	4	5	7	6
2	25	7	32	4	36	2
7	2	1	6	3	5	4
3	31	6	32	6	33	5
4	5	3	6	1	2	7
5	37	5	31	7	30	3
6	5	4	3	2	7	1

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल- 8439

यु	क	दो	यु	ला	प	र	तू	ग	झ	क	
ज	ग	ल	प	ह	रिं	पू	ना	दि	शा	को	
अं	इ	पु	म	सं	दा	ल	श	र	ला	ल	
क	कु	दा	रु	धा	ब	क	प	रि	श	र	
क	ति	श	न्न	ष	क	र	री	ग	वी	ता	
द	रं	ल	प	व	गा	र्त	ऐ	ती	प	रु	
ती	गा	ल	श	अं	प	म	क्रां	कौ	ला	व	
क	बा	अ	ब	त	क	छ	प्प	न	श	जू	
क	स	थो	तें	व	न	ज	द	शा	जू	द	
द	र	ल	प	ति	रं	र्त	ऐ	बें	प	रु	
थो	ड़	सा	रु	मा	नी	हो	जा	एं	प	क	

शब्द जाल में नाना पाटेकर की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

अंकुश, अब तक छप्पन, अंगार, तिरंगा, दिशा, वजूद, क्रांतीवीर, परिंदा,युगपुरुष, थोड़ा सा रुमानी हो जाएं.

शब्दजाल - 8438 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore